प्रयागराज, रविवार 05 जनवरी 2025 से शनिवार 11 जनवरी 2025 तक
वर्ष-13 , अंक-01
पृष्ठ- 8 मूल्य: 3 रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

## हिन्दी साप्ताहिक

2025 महाकुम्भ


**13**

वर्ष संघर्ष कि यात्रा




**नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं**

क्राइस्ट चर्च कॉलेज लखनऊ





**नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं**

क्रिस्टी मेमोरियल स्कूल एंड कॉलेज प्रयागराज




**नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं**



इविगं क्रिशचयन कालेज
मुठीगंज प्रयागराज

**नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं**





बिशप जानसॅन स्कूल एण्ड कालेज
सिविल लाइन्स प्रयागराज

**नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं**






**नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं**



फोर्ड स्कूल एण्ड कालेज
नैनी प्रयागराज

**नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं**





बिशप जानसॅन स्कूल एक्सटेन्सन
कचहरी प्रयागराज

**नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं**




गर्ल्स हाईस्कूल प्रयागराज

**नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं**



सेंट जॉन्स को-एड स्कूल
नैनी प्रयागराज

**नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं**





बेथनी कान्वेन्ट स्कूल
नैनी प्रयागराज

**नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं**



सेंट जोसफ कालेज प्रयागराज

HAPPY NEW YEAR!




**नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं**

शुधांशु शर्मा- रेडियो हेड, आधुनिक समाचार

**नव वर्ष 2025 की सभी जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं**

मकून्स स्कूल
नैनी प्रयागराज





डाक पंजीयन नं. AD -99/2024-2026 - website:www.aadhuniksamachar.com - E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com आधुनिक समाचार



# शरीर पर भस्म लगाए महादेव की भक्ति में रमे नौ वर्षीय नागा संन्यासी गोपाल गिरीगोपाल गिरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** श्री शंभू पंचदशनाम आवाहन अखाड़ के नागा संन्यासी हैं। उनके गुरु थानापति सोमवार गिरी महाराज हैं। वहीं इस कड़ाके की ठंड में गोपाल गिरी निर्वस्त्र अपने गुरु भाइयों के साथ शरीर पर भस्म लगाए महादेव जी की भक्ति लीन रहते हैं। संगम की रेती पर नौ वर्षीय नागा संन्यासी गोपाल गिरी महाराज शरीर पर भस्म लगाए महादेव की भक्ति में रमे हैं। वह हिमाचल के चंबा से यहां पर आए हैं। तीन वर्ष की आयु में ही उनके माता-पिता गुरु दक्षिणा में नागा संन्यासी को सौंप दिए थे। गोपाल गिरी श्री शंभू पंचदशनाम आवाहन अखाड़ के नागा संन्यासी हैं। उनके गुरु थानापति सोमवार गिरी महाराज हैं। वहीं इस कड़ाके की ठंड में गोपाल गिरी निर्वस्त्र अपने गुरु भाइयों के साथ शरीर पर भस्म लगाए महादेव जी की भक्ति लीन रहते हैं। माता-पिता के बारे में पूछने पर वह कहते हैं कि गुरु ही उनके माता-पिता हैं। उनकी सेवा और प्रभु की भक्ति करने में ही उन्हें परमानंद की अनुभूत होती है। उन्हें अपने परिवार के बारे में कुछ नहीं पता हैं। गुरु भाई कमल गिरी बताते हैं कि गोपाल मूल रूप से बरेली के अकबरपुर गांव के रहने वाले हैं। वह चार भाईयों में सबसे छोटे थे। उनके परिवार की बड़े लोगों में गिनती होती है। वहीं कम उम्र में बेटे को संन्यासी बनाने के सवाल पर कमल गिरी महाराज कहते हैं कि एक बच्चा दान करने पर उस परिवार को सात जन्मों का पुण्य मिलता है। उनकी सात पीढ़ी के पाप तर जाते हैं।गोपाल गिरी के गुरु भाई कमल गिरी बताते हैं कि कम उम्र के नागा संन्यासियों को आश्रम में सुबह से लेकर शाम तक पूजा-आरती, संस्कार और तलवार भाला जैसे अस्त्र-शस्त्र चलाने की शिक्षा दी जाती है। वह अन्य बच्चों की तरह खेलकूद नहीं करते हैं। वह अपना पूरा जीवन गुरु व भगवत प्रेम को समर्पित कर देते हैं। महाकुंभ में अटल अखाड़े के राजसी प्रवेश के दौरान अमरोहा से आए दस वर्षीय नागा संन्यासी शिवानंदी आकर्षण का केंद्र रहे। हर कोई छोटे संयासी को अपने कैमरे में कैद करने को आतुर दिखा। एक नागा संयासी ने बताया कि शिवानंदी को दो वर्ष की आयु में दीक्षा दी गई थी।



# आधी रात से लागू होगी नई समय सारिणी, कई पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों का बदल रहा नंबर

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे की बात करें तो नई समय सारिणी में आगरा-बनारस वंदे भारत समेत कुल 15 ट्रेनों को शामिल किया जा रहा है। दूसरी ओर ओर कोरोना काल में जो ट्रेनें स्पेशल नंबर से चलाई गई थीं, उनका नंबर भी एक जनवरी से पुराना हो जाएगा। यात्रीगण कृपया ध्यान न दें... एक जनवरी 2025 से भारतीय रेलवे ट्रेनों की समयसारिणी में बदलाव करने जा रहा है। 31 दिसंबर 2024 की रात्रि 12 बजे के बाद यह समयसारिणी लागू हो जाएगी। उत्तर मध्य रेलवे की बात करें तो नई समय सारिणी में आगरा-बनारस वंदे भारत समेत कुल 15 ट्रेनों को शामिल किया जा रहा है। दूसरी ओर ओर कोरोना काल में जो ट्रेनें स्पेशल नंबर से चलाई गई थीं, उनका नंबर भी एक जनवरी से पुराना हो जाएगा।यह दो बड़े फैसले होने के चलते स्टेशनों पर लग रहे डिजिटल और साधारण बोर्ड में बदलाव होना तय है। रेलवे की पिछली समय सारिणी एक अक्तूबर 2023 से प्रभावी हुई थी। तब समय सारिणी में उसकी अवधि अक्तूबर 23 से जून 24 दर्शाई गई थी।इस हिसाब से एक जुलाई 24 को नई समय सारिणी लागू होनी थी, लेकिन वह छह माह की देरी से अब एक जनवरी 25 से लागू हो रही है। फिलहाल नई समय सारिणी में एनसीआर से गुजरने वाली कन्याकुमारी-बनारस, आगरा-बनारस, खजुराहो-निजामुद्दीन समेत 15 नई ट्रेनों को शामिल किया गया है।



# रावण वध,के बाद जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो गया पूरा पंडाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** नगर के आरटीएस क्लब मैदान में चल रहे हैं श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के आठवें दिन श्री राम दरबार का



भव्यता के साथ श्रृंगार किया गया इसके पश्चात मुख्य व्यास श्री सूर्य लाल मिश्र एवं भूदेव ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और यहां से ही आठवें दिन की पाठ की शुरुआत हुई जिसमें रावण वध का प्रसंग हुआ। मुख्य आचार्य सूर्यलाल मिश्र के मुखारविंद से जैसे ही याद दोहा प्रसारित हुआ - खैची सरासन श्रवन लगी छाडेड़ सर एकतीस। रघुनायक सायक चले मानहूब काल फ़ीस ।। भगवान श्री राम कान तक धनुष को खींचकर 31 बाण छोड़े वह बाण ऐसे चले मानो कालसर्प हो और इन बाणो ने दशानन के नाभि के अमृत कुंड को सोख और वह पृथ्वी पर गिर पड़ा।देखकर देवताओं, मुनियों, किन्नरों गंधर्वों के समूह भगवान श्री राम के ऊपर फूल बरसाने लगे कहते हैं कृपालु की जय हो, मुकुल की जय हो जय हो। इस भव्य मनोरम दृश्य को देखकर मानस पंडाल में उपस्थित भक्तजनों ने भगवान श्री राम की जय हो का लगगनभेदी उद्घोष किया और इस अवसर पर पटाखे छोड़े गए, भगवान श्रीराम की भव्य झांकी का दर्शन कर भक्तो आध्यात्मिक आनंद उठाया इस आनंदमई बेला में भगवान श्री राम पर पुष्पों की वर्षा की गई। इसके पूर्व लंकापति रावण ने उपस्थित भूदेव की परिक्रमा किया और राम रावण संवाद बड़े ही रोचक ढंग से संपन्न हुई। वही एक दिन पूर्व रात्रि प्रवचन में प्रसिद्ध कथावाचक नीरज भैया ने हनुमान जी की भगवान राम से मिलन की एवं राम सुग्रीव की मित्रता की कथा एवं अशोक वाटिका में सीता जी द्वारा अग्नि माने जाने पर हनुमान द्वारा श्री राम की दी हुई अंगूठी के देने की कथा सुनाई गई। इस अवसर पर महामंत्री सुशील पाठक, अध्यक्ष सत्यपाल जैन,रतन लाल गर्ग, शिशु त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद, सुशील सिंह, इंद्रदेव सिंह, संजय तिवारी, अनिल दुबे, अजय सिंह ए एन सिंह संगम गुप्ता,पप्पू शुक्ला महेश दुबे, राहुल पाठक, मन्नू पांडे, चंदन चौबे, प्रशांत जैन, हर्षवर्धन, विमलेश पटेल, शुभम शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# युगधारा फाउंडेशन आफ इंडिया ने कैदियों को बांटे गर्म कपड़े

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** लुक्सर, ग्रेटर नोएडा स्थित जिला कारागार मे सामाजिक संस्था युगधारा फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया ने कैदियो को गर्म कपड़ो का वितरण किया। संस्था की अध्यक्ष डॉ श्वेता त्यागी ने ऐसे ही जरूरतमंदो की जरूरत पूरा करने का अपना संकल्प दोहराया। महासचिव कपिल त्यागी ने बताया कि जेल मे निरंतर सामाजिक कार्य करने का भरोसा दिलाया। अधीक्षक बृजेश कुमार, जेलर राजीव सिंह, जेलर संजय शाही , महिला जेल प्रभारी मनोरमा सिंह को संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया व सभी अधिकारियो ने संस्था द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की व संस्था को गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रित किया। इस कार्य में संस्था के सदस्य ज्योति त्यागी, संदीप कुमार, मीना रावल, रिषभ ने अमूल्य योगदान दिया।



# महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे ने महाकुंभ मेला 2025 के संबंध में आयोजित की प्रेस वार्ता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे, उपेन्द्र चंद्र जोशी की अध्यक्षता में महाकुंभ मेला-2025 की तैयारियों से अवगत कराने के लिए प्रयागराज मंडल कार्यालय के सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित की गयी। इस प्रेस वार्ता में महाकुंभ मेला-2025 के लिए रेलवे द्वारा की गयी तैयारियों एवं योजनाओं से अवगत कराया महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे ने प्रेस वार्ता में बताया कि रेलवे की सुविधाओं और योजनाओं से यात्री और श्रद्धालुओं को प्रचार प्रसार के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महाकुंभ रेल सेवा-2025 ऐप एवं वेब पोर्टल शुरू किया गया है इसे आसनी से नेविगेट किया जा सकता है। ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से दिशा-वार ट्रेन, मेला विशेष ट्रेन, स्टेशन पर यात्री आश्रय एवं यात्री सुविधाएँ, हेल्प लाइन नंबर एवं रेल टिकट बुक करने जैसे विविध सुविधाएं मिल सकेंगी। रेलवे ने 01 नवंबर, 2024 से टोल फ्री नंबर 1800 4199 139 जारी किया है। 01 जनवरी, 2025 से यह चौबीसों घंटे प्रति शिफ्ट चार ऑपरेटरों द्वारा संचालित किया जाएगा और मेला अवधि के दौरान उड़िया, तमिल / तेलगु, मराठी और बंग्ला जैसी भाषाओं में जानकारी उपलब्ध कराएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए बहुभाषी उदघोषणा प्रणाली शुरू की जा रही है। बहुभाषी उदघोषणा प्रणाली के माध्यम से महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को यात्रा संबंधित जानकारियां 12 भाषाओं - हिंदी, अंग्रेज़ी, गुजराती, मराठी, तामिल, कन्नड़, तेलुगू, मलयालम, बंग्ला, उड़िया,पंजाबी एवं असमिया में उद्घोषित की जाएंगी।महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे ने प्रेस वार्ता में बताया कि महाकुंभ -2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 13000 से अधिक गाड़ियां चलायी जाएंगी। 10,000 से अधिक नियमित गाड़ियां एवं 3000 से अधिक विशेष गाड़ियों का संचालन किया जाएगा। इनमें से 1800 गाड़ियों छोटी दूरी के लिए, 700 गाड़ियां लंबी दूरी के लिए और 560 गाड़ियां रिंग रेल पर चलायी जाएंगी। प्रयागराज-प्रयाग-अयोध्या-वाराणसी-प्रयागराज; प्रयागराज संगम-प्रयाग-जौनपुर-प्रयाग-प्रयागराज संगम; गोविंदपुरी-प्रयागराज-चित्रकूट-गोविंदपुरी एवं वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-गोविंदपुरी-प्रयागराज-मानिकपुर-चित्रकूट-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी मार्गों पर रिंग रेल की योजना तैयार कर ली गयी है। प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी, प्रयागराज छिवकी, प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज संगम और झूंसी सहित कुल 9 रेलवे स्टेशनों के साथ-साथ मेला क्षेत्र में यूटीएस, एटीवीएम, एमयूटीएस, पूछताछ और पीआरएस सहित कुल 560 टिकटिंग पॉइंट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन काउंटरों से प्रतिदिन लगभग 10 लाख टिकट वितरित किए जा सकेंगे। रेलवे ने कुंभ मेल के दृष्टिगत अब अग्रिम रेलवे टिकट 15 दिन पूर्व लेने की सुविधा शुरू कर दी गयी है। महाकुंभ -2025 में श्रद्धालुओं को अविस्मरणीय अनुभव देने के लिए प्रयागराज और आसपास के क्षेत्र में आधारभूत ढांचे पर वृहत स्तर पर कार्य किया है। प्रयागराज-रामबाग के मध्य गंगापुल, फाफामऊ-जंघई दोहरीकरण, प्रयागराज जंक्शन पर नई सिग्नल प्रणाली, प्रयागराज के 9 स्टेशनों पर प्लेटफ़ार्मों की संख्या में वृद्धि करके 40 से 48 कर दिया गया है। यात्री आश्रयों की संख्या में वृद्धि करके 11 से 28 कर दिया गए है, इन आश्रयों की क्षमता बढ़कर 130,000 हो गयी है। स्टेशनों पर वाशिंग लाइन सहित वेटिंग रूम, वेटिंग हाल, स्लीपिंग पॉड, रिटायरिंग रूम, एग्ज़ीक्यूटिव लाउंज, बैटरी अपरेटेड कार, व्हील चेयर, खानपान सुविधा, प्राथमिक चिकित्सा, यात्री सुविधा केंद्र, पर्यटक बूथ, प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र एवं क्लाक रूम सुविधाओं को उन्नत किया गया है। प्रयागराज क्षेत्र में 438 करोड़ रुपये की लागत से 21 रोड ओवर ब्रिज एवं रोड अंडर ब्रिजों का निर्माण किया गया है। महाकुंभ -2025 अनुमानित भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे के सभी हिस्सों से रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस के 18000 हजार से अधिक जवानों को ड्यूटी पर प्रयागराज लाया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जाएग कि किसी भी स्टेशन पर क्रॉस मूवमेंट की संभावना न हो और यात्रियों की केवल यूनी डायरेक्शनल मूवमेंट सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान प्रयागराज जंक्शन पर सिटी साइड से प्रवेश एवं सिविल लाइन साइड से निकासी की व्यवस्था रहेगी।किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सभी स्टेशनों पर प्राथमिक उपचार बूथ स्थापित किए जा रहे हैं और रैपिड एक्शन टीमें भी बनाई गई हैं। परिवहन से संबंधित चिकित्सा सहायता देने के लिए सभी स्टेशनों पर एम्बुलेंस भी तैनात रहेंगी। प्रयागराज जंक्शन पर 06 बिस्तर वाला आबज़र्वेशन रूम बनाया गया है।



# राजकीय व एडेड शिक्षक भर्ती की अर्हता एक समान करने की तैयारी, पाठ्यक्रम एक जैसा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** राजकीय व एडेड शिक्षक भर्ती की अर्हता एक समान करने की तैयारी, पाठ्यक्रम एक जैसाएडेड विद्यालय हों या राजकीय, सभी जगह पाठ्यक्रम एक समान, इसके बावजूद एडेड व राजकीय विद्यालयों में सहायक अध्यापकों की भर्ती से संबंधित अर्हताओं में अंतर है। अब अर्हता एक समान किए जाने की तैयारी है, ताकि विवाद न हो और भर्तियां कोर्ट में न फंसें। अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) विद्यालयों में सहायक अध्यापक (टीजीटी) हिंदी की भर्ती के लिए इंटरमीडिएट में संस्कृत के साथ बीए में हिंदी व बीएड अथवा बीए में हिंदी व संस्कृत के साथ बीएड की उपाधि जरूरी है। वहीं, राजकीय विद्यालयों में सहायक अध्यापक (एलटी ग्रेड शिक्षक) हिंदी की भर्ती के लिए इंटरमीडिएट में संस्कृत के साथ बीए में हिंदी व बीएड की उपाधि आवश्यक है।इसी तरह एडेड विद्यालयों में टीजीटी कला के लिए इंटरमीडिएट में प्राविधिक कला व बीए की डिग्री आवश्यक है।




SHRI MAA SARASWATI TOUR & TRAVELS
9335355703,9454386703,8840864240



Note- Train Ticket Booking Facality Available
Maasaraswatitravels0325@gmail.com
Shrimaasaraswatitravels.com
Address- 17/33c 1st Floor Market, M.G. Marg Civil Linec, Prayagraj, Uttar Pradesh 211001

# नववर्ष पर शुआट्स यीशु दरबार चर्च में आराधना व भजन की प्रस्तुति

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नैनी, प्रयागराज।** शुआट्स के यीशु दरबार चर्च परिसर में नववर्ष के उपलध में प्रार्थना, मसीही भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। शुआट्स कुलपति एवं बिशप मोस्ट रेव्ह प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने देश-प्रदेश की तरक्की सहित राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल आदि के कुशल स्वास्थ्य के लिये प्रार्थना की सण्डे स्कूल के बच्चों ने भजन 'तेरे भवन में आनन्द की भरपूरी है' तथा हम मिलेंगे बादलों पे देखेगा सारा जहाँ' पर नृत्य की प्रस्तुति दी। बहन स्निग्धा ने 'है पाक खुदावन यीशु मसीह' भजन गाया। विश्वविद्यालय चैपलिन लालचुंग गांगटे ने प्रार्थना की। पास्टर बृजेश व ग्लैडविन चरन ने वचन के माध्यम से मसीह का बखान किया। अवधेश ने 'स्वर्ग राज्य में नाम लिखइबू' भजन की प्रस्तुति दी। विश्वविद्यालय ट्रेजरार ने भी 'धन्यवाद के साथ स्तुति गाऊँगा' भजन गाया। निदेशक एचआरएम एण्ड आर डा. अभिलाषा जे. लाल ने सभी को नववर्ष की शुभकामना देते हुए प्रेम को परमेश्वर द्वारा दिया गया अमूल्य तोहफा बताया। उन्होंने भजन 'कहता है दिल मेरा धन्यवाद प्रभु' की प्रस्तुति दी। बिशप प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने असफलता से निराश न होने और पुरानी बातों को भूलने की बात कही। कहा कि परमेश्वर पर विश्वास रखकर प्रयास जारी रखने से निश्चित सफलता मिलती है। उन्होंने स्वर्ग की नागरिकता को सबसे बड़ा बताया, इसे प्राप्त करने के लिये प्रभु यीशु मसीह के बताये सत्य के मार्ग पर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि गोल निर्धारित किये बिना दौड़ करना बेकार है। बिशप लाल ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने मनुष्यों के पाप को अपनी देह पर लिया और क्रूस पर चढ़ गये ताकि हमारा उद्धार हो सके। उन्हें तीसरे दिन मुर्दों में से जी उठने का पद मिला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में अपना गोल सेट करें, विश्वास में जियें, मसीह की समानता में ढलें, सत्य व शान्ति के मार्ग पर चलें, पाप व लोभ से दूर रहें, ताकि मरे हुए में से जी उठने का पद हम सभी को प्राप्त हो सके। समापन पर सभी सामूहिक भोज में शामिल हुए। इस अवसर पर यीशु दरबार विश्वविद्यालय चर्च की उपाध्यक्षा डा. सुधा लाल, प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो. जोनाथन ए. लाल, प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो बिश्वरूप मेहरा, निदेशक पब्लिक रिलेशन डा. रमाकान्त दूबे, निदेशक प्रशासन संजय फिलिप दास सहित विश्वविद्यालय शिक्षकगण, कर्मचारीगण व यीशु दरबार विश्वविद्यालय चर्च के श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।





# मानस पाठ के छठे दिन भगवती सीता के हरण की सूचना जटायु ने दी श्रीराम को

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र।** नगर स्थित आर. टी एस. क्लब मैदान में चल रहे श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के छठे दिन प्रातः की मंगला आरती समिति के मुख्य यजमान सत्यपाल जैन, महामंत्री सुशील पाठक, शिशु त्रिपाठी सहित अन्य भक्तों ने भव्यता के साथ की। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया फिर छठे दिन के मानस पाठ प्रारंभ हुआ।कथा प्रसंग पर चर्चा करते हुए मुख्य व्यास श्री श्री सूर्य लाल मिश्र ने जयंत की कुटिलता और फल प्राप्ति, अत्री मिलन एवं स्तुति, श्री सीता अनसूया मिलन और श्री सीता जी को अनसूया जी का पतिव्रत धर्म कहना, श्री राम जी के आगे प्रस्थान विराट बध और राक्षस वध की प्रतिज्ञा करना, स्वर्ण मृग मरीचिका का मारा जाना, सीता हरण और सीता जटायु रावण युद्ध श्री राम जी का विलाप जटायु प्रसंग, सबरी पर कृपा, नारद राम संवाद आदि विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि- रामचरितमानस का एक-एक दोहा, चौपाई, छंद मंत्र है और प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, संप्रदाय का हो इसका पाठ करना चाहिए इससे उसे भवसागर से मुक्ति प्राप्त हो सकती है।नारायण से नर बने प्रभु श्री राम विलाप कर रहे हैं- हे खग मृग हे मधुकर श्रेणी। तुम देखी सीता मृग नयनी।। खंजन सुक कपोत मृग मीना। मधुप निकर कोकिला प्रवीणा।श्री राम के श्री मुख से आज पशु- पक्षी, पेड़- पौधे अपनी




प्रशंसा सुनकर हर्षित हो रहे हैं, श्री राम जी के विलाप से ऐसा प्रगट हो रहा है कि मानो कोई महावीरही और अत्यंत कामी पुरुष पत्नी की खोज में जंगल- जंगल भटक रहा हो।वही उसके एक दिन पूर्व रात्रि प्रवचन में कथा व्यास नीरज जी भैया ने भरत चरित्र की कथा का बड़ा ही मार्मिक प्रसंग का वर्णन किया उन्होंने बताया कि भरत ने अपने प्रश्न उत्तर से गुरु वशिष्ठ को चुप करा दिया। भरत ने वशिष्ठ मुनि से बोले कि इतना सामर्थ होते हुए ब्रह्मा जी से कालखंड में परिवर्तित करा दिया। जहां सतयुग के बाद द्वापर, त्रेता तब कलयुग होना चाहिए लेकिन आपने तो सतयुग के बाद त्रेता ला दिया तब राम जी के वनवास को क्यों नहीं रोक पाएं।उन्होंने आगे कहा कि कहा कि भरत महा महिमा जस राशि। भरत जी साक्षात जल अर्थात अघात जल के सरोवर हैं माता और गुरुजी के समझाने पर भी राज्य को स्वीकार न किया।? और पूरे राज्य के लोगों को लेकर राम जी को मनाने चित्रकूट पहुंच गए। इस अवसर पर पूर्व विधायक भगवती चौधरी, अयोध्या दुबे, सुधाकर पांडे, अवधेश पांडे, संगम गुप्ता, घनश्याम सिंघल, कृष्ण मुरारी गुप्ता, हरीश अग्रवाल, विनोद झुनझुनवाला, विमल अग्रवाल, प्रदीप मोदनवाल, अजीत जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

# महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देशःअजीत रावत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी जनपद सोनभद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को विधानसभा रावट्सगंज वार्ड नंबर 13 हर्ष नगर बूथ संख्या 21 22 23 पर सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ अनुसूचित मोर्चा की क्षत्रिय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत द्वारा मान की बात कार्यक्रम सुना गया। श्री राम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा पीएम मोदी ने संविधान पर भी बात की। 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि 2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है। हमारे संविधान निर्माताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है, वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए दिशा दिखाने वाली रोशनी है, हमारा मार्गदर्शक है। यह भारत का संविधान ही है जिसकी वजह से वह आज यहां हैं।वही प्रधानमंत्री ने कहां की प्रयागराज में दिव्य और भव्य कुंभ लग रहा है!!ष्ठ.महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश.ष्ठ!!!!ष्ठ.महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश.ष्ठ!!क्षएकताकामहाकुंभ और खेलेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया पर प्रोत्साहन करते हुए तमाम योजनाओं के बारे में बताया इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा के जिले के महामंत्री विनय श्रीवास्तव बंटी भारती राजेंद्र चौबे आलोक रावत संजय कुमार पासवान दिनेश भारती राम विचार रावत संजय कुमार पासवान सुरेंद्रनाथ संध्या देवी सुनीता देवी अभिषेक चंद्रा राजेश कुमार भारती अमित रावत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता रहे।



# भाजपा के जिले के 18 मंडल पदाधिकारी की हुई घोषणा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** (काशी क्षेत्र) भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर एवं प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्र नाथ पांडेय व चुनाव पर्यवेक्षक सोनभद्र गोविन्द नारायण शुक्ला के संस्तुति पर जिला चुनाव अधिकारी अवधेश श्रीवास्तव द्वारा जनपद सोनभद्र के नव निर्वाचित सभी मंडल अध्यक्षों व जिला प्रतिनिधियों के उज्ज्वल भविष्य व यशस्वी कार्यकाल की शुभकामनाओं के साथ घोषणा की जाती है, जो निम्नवत है-मण्डल अध्यक्षगण-1.मण्डल घोरावल सीमा गुप्ता (उमर/वैश्य) 2. शिवद्वार विमलेश चौबे, 3. शाहगंज मनीष सिंह पटेल, 4. गौरीशंकर रामबली मौर्या, 5. करमा आशुतोश सिंह अंकुर, 6. मधुपुर विजय चौहान, 7. राबट्सगंज नगर विनय श्रीवास्तव, 8. चुर्क दिलिप कुमार चौबे, 9. चतरा योगेन्द्र बिन्द, 10. नगवां लच्छन देव खरवार, 11. कोन रामलाल चेरो, 12. डाला संदीप सिंह पटेल, 13. ओबरा शिवनाथ जायसवाल, 14. चोपन भगवानदास संजय केशरी, 15. रेनुकुट हरीराम छवि शाह, 16. अनपरा प्रमोद कुमार शुक्ला, 17. दुद्धी दीपक शाह, 18. बभनी लालकेश कुशवाहा, 19. विण्ढमगंज विरेन्द्र कुमार चौधरी, 20. शक्तिनगर देवेन्द्र गुप्ता को निम्नलिखित मण्डलों का अध्यक्ष घोषित किया गया है। नोटः- कुल मण्डल अध्यक्षों का जाति/वर्गवार विवरण 1.कुल सामान्य वर्ग- 07 2कुल पिछड़ा/अति पिछड़ा वर्ग- 10 3.कुल अनु0 जाति- 01 4.कुल अनु0 जनजाति- 02 जिला प्रतिनिधिगण-




1.मण्डल घोरावल सुबाश पटेल, 2. शिवद्वार दुर्गा पाल, 3. शाहगंज दिलिप कुमार मौर्या, 4. गौरीशंकर विजय सिंह गोंड, 5. मधुपुर सुनिल पटेल, 6. करमा धर्मेन्द्र शर्मा, 7. राबट्सगंज अंशू अग्रहरी, 8. चुर्क रमेश पासवान, 9. चतरा राजबहादुर सिंह, 10. नगवा महेश पटेल, 11. डाला मनोज कुमार निषाद, 12. कोन विद्यानन्द तिवारी, 13. ओबरा सतीष पाण्डेय, 14. चोपन सुनिल सिंह, 15. रेनुकुट प्रेमशंकर रावत, 16. अनपरा अभिषेक विश्वकर्मा, 17. दुद्धी मनोज सिंह, 18. बभनी प्रमोद दूबे, 19. विण्ढमगंज शेषमणी चौबे, 20 शक्तिनगर प्रशान्त श्रीवास्तव जी को जिला प्रतिनिधि के रुप में घोषित किया गया।कुल जिला प्रतिनिधिगणों का जाति/वर्गवार विवरण1.कुल सामान्य वर्ग- 092.कुल पिछड़ा/अति पिछड़ा वर्ग- 83.कुल अनु0 जाति- 024.कुल अनु0 जनजाति- 1भाजपा सोनभद्र जिलाध्यक्ष नन्द लाल व भाजपा संगठन द्वारा आप सभी को यशस्वी कार्यकाल एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाई।

# अष्टम जनपद स्तरीय कहानी सुनाओ प्रतियोगिता संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**सोमवार को जनपद के परिषदीय प्राथमिक एवम् उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए अयोजित राज्य स्तरीय अष्टम कहानी सुनाओ प्रतियोगिता का प्रथम चरण जिले स्तर पर सोमवार को डायट प्राचार्य मुकुल आनंद पांडेय के संरक्षण व मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न ब्लाकों के एक दर्जन शिक्षकों ने प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर के लिए प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के नोडल प्रभारी डाद अरमा देवी व मूल्यांकन समिति के सदस्य के रूप में प्रवक्ता नीरज शर्मा व राजकुमार रहे। प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों में डाद बृजेश महादेव, कमलेश कुमार गुप्त, शक्ति सिंह, सुमन सिंह, गायत्री त्रिपाठी, पूजा पांडेय, आदि रहे।



# जामवंती पाण्डेय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में माड़िहान की टीम बनी विजेता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जिले के घोरावल तहसील क्षेत्र के महुआंव पांडेय ग्राम पंचायत में आयोजित स्व. जामवंती पांडेय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 में



रविवार को हुए फाइनल मुकाबला हुआ। प्रतियोगिता में मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही और मध्यप्रदेश की 30 टीमों ने प्रतिभाग किया। रविवार को हुए फाइनल मैच में पहले टॉस जीतकर महुआंव पांडेय ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मड़िहान की टीम के खिलाड़ियों ने निर्धारित 12 ओवरों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 143 रन बनाए। जवाब में उतरी जामवंती पांडेय स्पोर्टिंग क्लब महुआंव पांडेय की पूरी टीम 10 ओवरों में ही 60 रन पर आल आउट हो गयी। इस मैच के मैन ऑफ द मैच मड़िहान टीम के गोलू कुमार रहे, जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 51 रनों की लाजवाब पारी खेली। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार महुआंव पांडेय के गोलू द्विवेदी रहे, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ विधि विधान से आचार्य नारायण धर पवन धर शिवम् धर सहित अन्य आचार्य गण द्वारा माला फूल शंखनाद व मंत्रोच्चार से किया गया। इसके बाद केक व फीता काटा गया। इसके बाद खिलाड़ियों से परिचय अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजक चन्द्र शेखर पाण्डेय द्वारा माल्यार्पण अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके साथ अध्यक्ष द्वारा नकद पुरस्कार भी दिया गया।मुख्य अतिथि पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह और स्व जामवंती पांडेय स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष चंद्रशेखर पांडेय ने विजेता टीम मड़िहान को ट्रॉफी व 25000 रूपए और उपविजेता टीम महुआंव पांडेय को ट्रॉफी व 15000 रूपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विनोद कुमार पांडेय और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रमेशचंद्र दुबे राजेश द्विवेदी दीपक केशरवानी अखिलेश तिवारी चारू द्विवेदी सीओ सदर डाला सीमेंट के प्रबंधक देवेन्द्र कुमार तिवारी बीडीओ कोन जितेन्द्र नाथ दूबे ने मैन ऑफ द सीरीज गोलू द्विवेदी को पुरस्कार स्वरूप रेंजर साईकल व शील्ड प्रदान किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने खेल को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बताते हुए कहा कि गांवों में इस तरह के खेल प्रतियोगिता से ग्रामीण युवकों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए अवसर मिलता है और उनके खेल को और बेहतर करने में मदद मिलता है। इस मौके पर तहसील अधिवक्ता समिति के पूर्व अध्यक्ष रामअनुजधर द्विवेदी, रामजी, कृष्णधर, सुरेश, रजनीश पांडेय, सुशील, मयंक बाजपेयी, राधेश्याम सिंह राजेश , मनोज मिश्र देवेन्द्र पाण्डेय विवेकानंद मिश्र सत्य देव इत्यादि मौजूद रहे।

# भगवती सीता की खोज में हनुमान जी पहुंचे लंका

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।**नगर के आटीएस क्लब मैदान में चल रहे श्री राम चरित मानस नवाह पाठ महायज्ञ के सातवे दिन श्री राम दरबार का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात मंचासीन




आचार्यों एवं भक्तों गणों ने दिव्य आरती उतारी तत्पश्चात मुख्य यजमान सत्यपाल जैन ने सह पत्नी रजनी जैन के साथ रुद्राभिषेक किया। एबतादें कि सातवें दिन की कथा सुंदरकांड पर आधारित थी जिसमें हनुमानजी का लंका को प्रस्थान, सुरसा मान जी के बल बुद्धि की परीक्षा,छाया पकड़ने वाली राक्षसी का वर्णन, लंकिनी पर प्रहार, लंका में प्रवेश, हनुमान विभीषण संवाद, हनुमान जी का अशोक वाटिका में सीता को देखकर दुखी होना और रावण का सीता को भय दिखाना, सीता - हनुमान संवाद, हनुमान, जी द्वारा अशोक वाटिका विध्वंस अक्षय कुमार का वध और मेघनाथ हनुमान जी को नागपाश में बांध कर सभा में ले जाना, हनुमान रावण संवाद, लंका दहन आदि प्रसंगों का पाठ किया गया। वहीं सुंदरकांड महिला मंडल की सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से सुंदरकांड का पाठ किया गया। दोहे पर प्रकाश डालते हुए मुख्य व्यास आचार्य सूर्य लाल मिश्र ने कहा कि- गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस में सुंदरकांड एक महत्वपूर्ण कांड है। हनुमान रावण संवाद, लंका दहन आदि महत्वपूर्ण दोहो पर प्रकाश डालते हुए कहा की- गोस्वामी तुलसीदास कृत श्री रामचरितमानस में सुंदरकांड एक महत्वपूर्ण कांड हैं जहां पर सभी राम भक्तों की आस्था और विश्वास की झलक उनके कृत्यो से मिलती है, जिसमें राम भक्त हनुमान का प्रमुख स्थान है। जामवंत के कहने पर हनुमानजी को उन्हें अपना बल याद आया और वे हृदय में श्री रघुनाथ जी को धारण कर हर्षित होकर लंका की ओर प्रस्थान किए। श्री हनुमान जी की बुद्धि बल की परीक्षा लेने के लिए देवताओं ने सुरसा नामकओल्गा सर्पों की माता को भेजा सुरसा की परीक्षा में सफल रहे। और उसने आशीर्वाद देते हुए कहाराम काजु सबु करहु तुम्ह बल बुद्धि निधान आशीष देई गई सो हरसी चले वह हनुमान।। सुरसा के आशीर्वाद से हर्षित होकर हनुमानजी लंका की और प्रस्थान किये और लंका में अपनी वीरता का प्रदर्शन करते हुए वे माता का दर्शन कर उनसे उनका संदेश चूड़ामण लेकर समुद्र पार करके वापस आ गए। वही इसके एक दिन पूर्व रात्रि प्रवचन में कथा व्यास नीरज भईया ने भरत द्वारा राम जी को अयोध्या वापस लाने के हर्ट को प्रकाशित करते हुए बताया कि दो प्रेमियों के बीच निर्णय कोई दे नहीं रहा है मुख्य वशिष्ठ वह साथ ही परिवार समाज की कोई भी सदस्य निर्णय देने में असमर्थ है।

ADHUNIK TUTORIALS
" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "
FOR CLASSES 1st 5th
(ADMISSION OPEN)
FACILITIES
- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking



Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks

Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)
- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .



Ms. Riya Arora (Counsellor)
- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .



Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .
Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## इस साल नहीं चला विराट कोहली का बल्ला, सभी प्रारूप मिलाकर जड़ा सिर्फ एक शतक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** तीनों प्रारूप मिलाकर कोहली के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 2024 में कुल 32 पारियां खेली है, ऐसे में सभी को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कोहली पर्थ टेस्ट में शतकीय पारी के दम पर ऑस्ट्रेलियाई धरती साल टेस्ट में उनके बल्ले से एक शतक और एक अर्धशतक निकला और उनका निजी सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 100 रन रहा। कोहली ने



और 21.83 के औसत से 655 रन बनाए। इस दौरान कोहली के बल्ले से एक शतक और दो अर्धशतक निकला। ऑस्ट्रेलिया कोहली के लगातार विफल होने से इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि क्या भारतीय टीम का यह पूर्व कप्तान टी20 अंतरराष्ट्रीय के बाद टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह देगा। हालांकि, टीम के पूर्व मुख्य कोच और कोहली के साथ लंबे समय तक काम कर चुके रवि शास्त्री का मानना है कि कोहली अभी तीन-चार साल और खेल सकते हैं। शास्त्री इस बात से भी परेशान नहीं है कि कोहली किस तरह से आउट हो रहे हैं। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में शतक के साथ की थी। कोहली का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेहतर रहा पर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए थे और उन्होंने इस मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा था। कोहली इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके और अगले तीन मैचों में रन बनाने में विफल रहे। पर्थ टेस्ट में शतक के बावजूद कोहली के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है और उन्होंने सीरीज में अब तक 5, नाबाद 100, 7, 11, 3, 36 और 5 रन की पारियां खेली हैं। तीनों प्रारूप मिलाकर कोहली के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने 2024 में कुल 32 पारियां खेली और 21.83 के औसत से 655 रन बनाए। इस दौरान कोहली के बल्ले से एक शतक और दो अर्धशतक निकला। कोहली ने इस साल कुल 10 टेस्ट मैच खेले और 19 पारियों में 24.52 के औसत से 417 रन बनाए। इस साल सिर्फ तीन वनडे मैच खेले, लेकिन इस प्रारूप में उनका प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। कोहली ने तीन मैचों में 19.33 के औसत से कुल 58 रन बनाए। दिलचस्प बात यह है कि इस दौरान उनके बल्ले से एक भी छक्का नहीं निकला, जबकि उन्होंने आठ चौके लगाए। कोहली ने इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में अर्धशतक लगाया था और टीम की जीत में भूमिका निभाई थी। ओवरऑल कोहली ने 2024 में कुल 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले और 18 की औसत से कुल 180 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 119.20 का रहा है, जबकि सिर्फ एक बार 50ह स्कोर बना सके।

## बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला की नजर में यशस्वी थे नॉटआउट, रोहित बोले - बल्ले का किनारा लगा था

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट मैच के पांचवें दिन उस वक्त विवाद हो गया जब यशस्वी के साथ थर्ड अंपायर ने बेइमानी की जिसने मैच का रुख पलट दिया भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने जहां भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का समर्थन किया है। वहीं, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि यशस्वी के बल्ले का किनारा लगा था इसलिए इस मामले को ज्यादा उछालने की जरूरत नहीं है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट मैच के पांचवें दिन उस वक्त विवाद हो गया जब यशस्वी के साथ थर्ड अंपायर ने बेइमानी की जिसने मैच का रुख पलट दिया। दरअसल, भारतीय पारी के 71वें ओवर में पैट कमिंस की लेग साइड पर शॉर्ट पिच गेंद को यशस्वी ने फाइन लेग पर खेलने की कोशिश की। वह चूके और गेंद विकेटकीपर कैरी के हाथों में गई। मैदानी अंपायर ने यशस्वी को आउट नहीं दिया जिसके बाद कमिंस ने डीआरएस लेने का फैसला किया। रिप्ले में स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि गेंद यशस्वी के बल्ले का किनारा लेकर गई है या नहीं। इसके बाद स्निको मीटर से जांचा गया, लेकिन स्निको मीटर में कोई हरकत नहीं दिखी। इसके बावजूद थर्ड अंपायर ने मैदानी अंपायर का फैसला पलट दिया और यशस्वी को आउट करार दिया।

## एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बने यशस्वी, सहवाग को पीछे छोड़ा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम को सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में 184 रनों से हार का सामना था, लेकिन यशस्वी ने इस टेस्ट में शानदार पारी खेली थी। यशस्वी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी नहीं, यशस्वी ने ऋषभ पंत के साथ 88 रन की साझेदारी की थी, लेकिन यह साझेदारी टूटने के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई और उसे हार का सामना करना पड़ा।यशस्वी की शानदार पारी का अंत पैट कमिंस ने किया था, लेकिन उनके आउट होने बल्लेबाज का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है जिन्होंने 2010 में 1562 रन बनाए थे। वहीं, गावस्कर ने 1979 में 1555 रन बनाए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर अब यशस्वी आ गए हैं जिन्होंने इस साल टेस्ट में 1478 रन बनाए।



के चौथे टेस्ट मैच की पहली पारी में 82 रन बनाए थे और वह दूसरी पारी में भी अपना जलवा बिखेरने में सफल रहे। भारतीय टीम भले ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1-2 से पिछड़ गई है, लेकिन टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। यशस्वी का बल्ला इस साल टेस्ट में जमकर बोला और उन्होंने कुल 1478 रन बनाए। इस तरह वह एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। भारतीय टीम को सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में 184 रनों से हार का सामना था, लेकिन यशस्वी ने इस टेस्ट में शानदार पारी खेली थी। यशस्वी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच की पहली पारी में 82 रन बनाए थे और वह दूसरी पारी में भी अपना जलवा बिखेरने में सफल रहे। यशस्वी ने अपने टेस्ट करियर का 10वां अर्धशतक जड़ा। इतना ही पर विवाद खड़ा हो गयाथाहै। कमिंस की लेग साइड पर शॉर्ट पिच गेंद को यशस्वी ने फाइन लेग पर खेलने की कोशिश की। वह चूके और गेंद विकेटकीपर कैरी के हाथों में गई। मैदानी अंपायर ने यशस्वी को आउट नहीं दिया जिसके बाद कमिंस ने डीआरएस लेने का फैसला किया। रिप्ले में स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि गेंद यशस्वी के बल्ले का किनारा लेकर गई है या नहीं। इसके बाद स्निको मीटर से जांचा गया, लेकिन स्निको मीटर में कोई हरकत नहीं दिखी। इसके बावजूद थर्ड अंपायर ने मैदानी अंपायर का फैसला पलट दिया और यशस्वी को आउट करार दिया। इससे वहां मौजूद सभी लोग चौंक गए और कमेंट्री बॉक्स में मौजूद दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भी सवाल खड़े किए। यशस्वी 84 रन बनाकर आउट हुए थे। यशस्वी अपनी इस शानदार पारी के दम पर पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर के क्लब में शामिल हो गए हैं। एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय भारत के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने 2008 में 1462 रन और 2010 में 1422 रन बनाए थे। यशस्वी सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाजों की विशेष सूची में शामिल हो गए थे। यशस्वी उन चुनिंदा भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं जिसने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में टेस्ट मैच की दोनों पारियों में 50ह स्कोर बनाया है। यशस्वी ने एमसीजी टेस्ट की पहली पारी में 82 रन बनाए थे और दूसरी पारी में 84 रन पर आउट हुए। यशस्वी से पहले मंसुर अली खान पटौदी, जीआर विश्वनाथ, सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली भी एमसीजी टेस्ट की दोनों पारियों में 50ह स्कोर बना चुके हैं। पटौदी ने 1967 में इस मैदान पर 75 और 85 रन बनाए थे, जबकि जीआर विश्वनाथ ने 1977 में 59 और 54 रनों की पारी खेली थी। सचिन ने 1999 में एमसीजी टेस्ट में 116 और 52 रन बनाए थे। वहीं, कोहली ने 2014 में इसी मैदान पर 169 और 54 रनों की पारी खेली थी।

## भारतीय बैडमिंटन के लिए निराशाजनक रहा यह साल, पेरिस ओलंपिक से खाली हाथ लौटे थे खिलाड़ी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 2016 रियो ओलंपिक और टोक्यो 2020 में पदक जीतने वाली महिला एकल खिलाड़ी पीवी सिंधू भी पदक नहीं जीत सकी थीं, जबकि पुरुष एकल में लक्ष्य सेन कांस्य पदक हासिल करने से चूक गए थे। क्रिकेट टीम के लिए साल 2024 जहां अच्छा रहा, वहीं भारतीय बैडमिंटन किया। यह जोड़ी मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रही, लेकिन आठ साल में दूसरी दफा ओलंपिक जीतने का सपना पूरा नहीं हो पाया। भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के लिए साल निराशाजनक रहा। उन्होंने अपने कोचिंग स्टाफ में कई बदलाव किए और महान बैडमिंटन



खिलाड़ियों को निराशा मिली। पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और इस स्पर्धा में खिलाड़ी एक भी पदक हासिल नहीं कर सके थे। यहां तक कि 2016 रियो ओलंपिक और टोक्यो 2020 में पदक जीतने वाली महिला एकल खिलाड़ी पीवी सिंधू भी पदक नहीं जीत सकी थीं, जबकि पुरुष एकल में लक्ष्य सेन कांस्य पदक हासिल करने से चूक गए थे। सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शानदार जोड़ी ने हालांकि भारतीय बैडमिंटन में एक अमिट छाप छोड़ी, लेकिन यह भारतीय जोड़ी भी पेरिस ओलंपिक से खाली हाथ लौटी। सात्विक और चिराग के लिए अच्छा और बुरा दोनों समय रहे क्योंकि यह जोड़ी चार फाइनल में पहुंची और दो खिताब जीते जिससे ऐतिहासिक ओलंपिक पदक की उम्मीद जगी। लेकिन पेरिस ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के साथ उनका अभियान निराशा में समाप्त हो गया था। एशियाई खेलों के चैंपियन ने फ्रेंच ओपन सुपर 750 और थाईलैंड सुपर 500 में खिताब जीतकर दुनिया की शीर्ष जोड़ियों में अपना दर्जा मजबूत खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग के लिए बंगलूरु चली गईं। लेकिन उनका टूर्नामेंट के शुरुआत में बाहर होना जारी रहा जिससे उनकी फॉर्म और फिटनेस से संघर्ष उजागर हुआ। वह मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंची लेकिन तीसरा ओलंपिक पदक जीतने का सपना प्री क्वार्टर फाइनल में मिली हार से खत्म हो गया। हालांकि इस 29 साल की खिलाड़ी ने अपना सत्र सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीतकर समाप्त किया और वह इस महीने के अंत में परिणय सूत्र में बंधने के लिए तैयार हैं। लक्ष्य सेन के लिए यह बहुत करीब और फिर भी दूर का मामला रहा। वह पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए उम्मीद की किरण थे। साल की शुरुआत में फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियंस के सेमीफाइनल तक के सफर ने उनकी खराब फॉर्म से वापसी कराई और पहले ओलंपिक पदक के सपने को जगा दिया। हालांकि, वह ओलंपिक में कांस्य पदक मैच में हार गए, लेकिन उन्होंने सैयद मोदी इंटरनेशनल में खिताबी जीत से सत्र का समापन किया।

## पीएम मोदी ने कोनेरू हम्पी को विश्व रैपिड शतरंज विजेता बनने पर बधाई दी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** खिताबी मुकाबले में हम्पी ने इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराया और देश का नाम रोशन किया। उनकी इस खास उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी। भारतीय ग्रैंडमास्ट कोनेरू हम्पी ने रविवार को दूसरी बार विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। खिताबी मुकाबले में उन्होंने इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराया और देश का नाम रोशन किया। उनकी इस खास उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी। पीएम ने एक्स पर हम्पी को शुभकामनाएं देते हुए लिखा- 2024 फिडे महिला विश्व रैपिड चैम्पियनशिप जीतने पर हम्पी कोनेरू को बधाई। उनकी दृढ़ता और प्रतिभा लाखों लोगों को प्रेरित करती है। यह जीत और भी ऐतिहासिक है क्योंकि यह उनका दूसरा विश्व रैपिड चैम्पियनशिप खिताब है, जिससे वह यह अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय बन गई हैं।37 वर्षीय हम्पी ने 11 में से 8.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। यह भारतीय ग्रैंडमास्टर के लिए एक निर्णायक जीत थी। उन्हें चैंपियनशिप जीतने के लिए में सिर्फ जीत की ही दरकार थी। ड्रॉ या हार से उनका सपना टूट जाता। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। रूस के 18 वर्षीय वोलोदर मुर्जिन ने पुरुष वर्ग में यह खिताब जीता। नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बाद मुर्जिन दूसरे सबसे कम उम्र के इर्ध्द-वर्ल्ड रैपिड चैंपियन हैं। नोदिरबेक ने 17 साल की उम्र में खिताब जीता था।हम्पी ने 2019 में जॉर्जिया के बटुमी में चैंपियनशिप जीतकर सफलता के शिखर पर पहुंची थीं। तब उन्होंने चीन की लेई टिंगजी को एक नर्वस-ब्रेकिंग आर्मगेडन गेम में हराया था।

## राशिफल

**मेष-:** आप किसी कार्य को लेकर चिंतित रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय में लॉस हो सकता है। अपने पार्टनर से सतर्क रहें, नहीं तो व्यापार-व्यवसाय में बड़ा नुकसान हो सकता है। वाणी पर संयम रखें।

**वृष-** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने परिवार के साथ इस सप्ताह कहीं बाहर यात्रा आदि पर जा सकते हैं। साथ ही परिवार में माहौल अच्छा रहेगा।

**मिथुन-:** यह सप्ताह मिथुन राशि वालों के लिए शानदार रहने वाला है। आपके सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। इस सप्ताह आप परिवार के साथ आनंद के क्षण बिताएंगे।

**कर्क-:** यह सप्ताह परेशानियों से भरा रहेगा। आप मानसिक तौर से काफी परेशान रह सकते हैं। परिवार में किसी आकस्मिक घटना के चलते समूचे परिवार में माहौल अशांत रहेगा।

**सिंह-:** यह सप्ताह आपके लिए अत्यधिक परिश्रम भरा रहेगा। आप जिस कार्य का सोच रहे हैं, अथक प्रयास करने पर भी आपको उसमें सफलता न मिलने से मन अशांत रहेगा।

**कन्या-:** यह सप्ताह कन्या राशि वालों के लिए सामान्य रहेगा। आप कुछ परेशानियों के चलते अपने काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। साथ ही यह सप्ताह कुछ समस्याओं से भरा रहेगा।

**तुला-:** आप कहीं बाहर की यात्रा पर जा सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में आपको कोई बड़ा पार्टनर मिल सकता है, जिस कारण सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा।

**वृश्चिक-:** बहुत दिन से जिस कार्य का सोच रहे हैं। वह काम किसी विशेष व्यक्ति के माध्यम से आज कार्य पूर्ण होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में आर्थिक लाभ होगा।

**धनु-:** कार्य की अधिकता के कारण स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। आपका मन उदास रहेगा, व्यापार-व्यवसाय में हानि के योग बनेंगे। आपके पार्टनर आपके साथ धोखा कर सकते हैं।

**मकर-:** आप कुछ बातों को लेकर मानसिक तौर से दबाव महसूस करेंगे। आप किसी काम के पूरे होने के लिए अधिक मेहनत करेंगे, परंतु सफलता आज आपको मिलना थोड़ा कठिन होगा।

**कुंभ-:** दिन परेशानियों से भरा रहेगा। आज कोर्ट कचहरी के विवाद में फंस सकते हैं। व्यापार में बड़ा नुकसान हो सकता है। विरोधी वर्ग आपके प्रति षड्यंत्र रच सकते हैं।

**मीन-:** यह सप्ताह आप किसी बात विवाद या झगड़े आदि में फंस सकते हैं। विरोधी वर्ग आपको अपने षड्यंत्र का शिकार बना सकता हैं। वाद-विवाद से दूर रहे वाणी पर संयम रखें। किसी के बहकावे में ना आएं।

## भारत की हार की 5 वजह, टीम के तौर पर खेलने में रहे नाकाम, बुमराह को नहीं मिला अन्य गेंदबाजों का साथ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जीत के लिए मिले 340 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की दूसरी पारी 155 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम को आज ही लक्ष्य मिला था, लेकिन टीम इंडिया तीन सत्र भी नहीं खेल सकी और 11 बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दूसरी हार का सामना करना पड़ा है जिससे उसके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को झटका लगा है। भारत इस तरह पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1-2 से पिछड़ गया है और अगर उसे यह सीरीज नहीं गंवानी है तो सिडनी में तीन जनवरी से होने वाला पांचवां मुकाबला हर हाल में जीतना होगा। जीत के लिए मिले 340 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की दूसरी पारी 155 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम को आज ही लक्ष्य मिला था, लेकिन टीम इंडिया तीन सत्र भी नहीं खेल सकी और टीम ऑलआउट हो गई। मेलबर्न में टीम इंडिया की टेस्ट में यह 13 साल बाद हार है। इससे पहले भारतीय टीम को 2011 में हार मिली थी। भारत के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) का मैदान पिछले एक दशक से अधिक समय तक अभेद किला बना हुआ था, लेकिन रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ने इस सिलसिले को तोड़ दिया। इस हार के भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए अब अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। साथ ही सिडनी में अगले टेस्ट को जीतना ही होगा। ड्रॉ या हार टीम इंडिया को फाइनल की दौड़ से बाहर कर देगी। रोहित की कप्तानी में पिछले दो महीने में छह टेस्ट में टीम इंडिया की यह पांचवीं टेस्ट हार है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से हार के बाद भारत को एडिलेड में और फिर अब मेलबर्न



में हार मिली है। भारत को अगर अपनी उम्मीदें बनाए रखनी है तो उसे सिडनी टेस्ट में हार हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अगर भारत पांचवां टेस्ट जीत जाता है तो सीरीज 2-2 से बराबर हो जाएगी। ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। अगर श्रीलंका कंगारू टीम को इस सीरीज में हरा देती है तो ऑस्ट्रेलिया के लिए हालात विपरीत हो जाएंगे। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी ड्रॉ रही तो भारत की पीसीटी 55.26 रहेगी, जबकि ऑस्ट्रेलिया की पीसीटी श्रीलंका के खिलाफ हार के कारण 54.26 हो जाएगी। अगर ऑस्ट्रेलिया श्रीलंका के खिलाफ एक टेस्ट ड्रॉ कराने में सफल रहा तो उसकी पीसीटी 56.48 हो जाएगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज गंवाने से भारत फाइनल की दौड़ से बाहर हो जाएगा।भारत का टेस्ट में पिछले कुछ समय से प्रदर्शन काफी खराब रहा है और इसके कई कारण रहे हैं। ऐसा ही कुछ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी देखने मिला है।भारतीय टीम मौजूदा सीरीज में एक टीम के तौर पर खेलने में नाकाम रही है। अब तक चार टेस्ट मैचों में प्रत्येक टेस्ट में एक या दो खिलाड़ी ही चले हैं। पर्थ में यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल और विराट कोहली का बल्ला चला, जबकि दूसरे टेस्ट में नीतीश रेड्डी ने सधी हुई पारी खेली थी और अन्य सभी बल्लेबाज फ्लॉप रहे थे। ब्रिसबेन में खेले गए तीसरे टेस्ट में केएल राहुल और रवींद्र जडेजा ने भारतीय पारी को संभाला था। वहीं, मेलबर्न में पहली पारी में यशस्वी, नीतीश और वाशिंगटन सुंदर ने प्रभावशाली किया, जबकि दूसरी पारी में यशस्वी हिट रहे थे। भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भारतीय टीम के एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने सीरीज के चारों मुकाबलों में प्रभावित किया है। हाल ही में 200 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले बुमराह का प्रदर्शन शानदार रहा है। बुमराह को हालांकि, दूसरे छोर से उतना साथ नहीं मिला है जितनी जरूरत है। मेलबर्न टेस्ट में फिर भी मोहम्मद सिराज ने प्रभावित किया, लेकिन सीरीज में अन्य भारतीय गेंदबाज का प्रदर्शन उस स्तर का नहीं रहा जैसा बुमराह का रहा है।

# विविध



## मैहर जिले में बम विस्फोट से मच गई हलचल,रीवा से पहुंचे स्क्वाड,13 जिंदा देसी बम भी मिले

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मैहर जिले के रामनगर ब्लॉक में नदी किनारे वन्यजीवों के शिकार के लिए बिछाए गए 13 देशी जिंदा बमों को बम स्क्वॉड की टीम ने डिफ्यूज कर दिया है। समय रहते इन बमों के डिफ्यूज हो जाने से न केवल वन्यजीवों बल्कि ग्रामीणों के ऊपर से भी बडा खतरा टल गया है। गौरतलब है कि रविवार को कुबरी गांव के चरवाहे नौघटा सोन नदी के किनारे गोवंश चरा रहे थे। तभी विस्फोट होने से 2 गोवंश लहूलुहान हो गए थे। शिकायत मिलने पर रामनगर पुलिस ने 2 महिलाओं को हिरासत में ले लिया था।टीआई टीकाराम कुर्मी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना के बाद रीवा से बम स्क्वाड की टीम को बुला कर नौघटा सोन नदी के किनारे तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान मिट्टी के नीचे 13 जिंदा देशी बम मिले जिन्हें डिफ्यूज कर दिया गया है। वन्य जीवों के शिकार के लिए बिछाए गए बमों के मामले में हिरासत में ली गई 2 महिलाओं से पूछताछ के बाद शिकारी गिरोह को पकड़ने की मुहिम तेज कर दी गई है। ऊघ् के मुताबिक पकड़ी गई महिलाओं ने गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी दी है।



## सिद्धेश्वर महादेव सेवा संस्थान महुआंव पाण्डेय की सदस्य महिलाओं ने लगाई फेरी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
घोरावल सोनभद्र। सोमवार को पड़ने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहा जाता है। सोमवार को सिद्धेश्वर महादेव सेवा संस्थान महुआंव पाण्डेय की सदस्य व अन्य महिलाओं द्वारा विधि विधान से पूजन कर पर्व मनाया। संस्थान की अध्यक्ष अमावस्या अमा और वस्या दो शब्दों से मिलकर बना है। शिव पुराण में इस संधि विच्छेद को भगवान् शिव ने माँ पार्वती को समझाया था।क्योंकि सोम को अमृत भी कहा जाता है अमा का अर्थ है एकत्रित करना और वास को वस्या कहा गया है।यानि जिसमे सभी वास करते हो वह अति पवित्र विशेष लाभ होता है।ये सभी 108 फल या मिठाई परिक्रमा के बाद ब्राह्मण या निर्धन को दान किया जाता है।इस प्रक्रिया को कम से कम 3 सोमवती तक करने से सभी समस्याओ से मुक्ति मिलती है।इस प्रदक्षिणा से पितृ दोष का भी निश्चित समाधान होता है।इस दिन जो भी स्त्री तुलसी या



नीलल द्विवेदी ने कहा कि सोमवार चंद्र देवता कों समर्पित दिन है। भगवान चंद्र को मन का कारक माना जाता है अतः इस दिन अमावस्या पड़ने का अर्थ है की यह दिन मन सम्बन्धित दोषो को दूर करने के लिए उत्तम है। वहीं आचार्य रजनीश पाण्डेय ने बताया कि हमारे शास्त्रो में चंद्रमा को ही दैहिक,दैविक और भौतिक कष्टो का कारक माना जाता है,अतः यह पूरे वर्ष में एक या दो बार ही पड़ने वाले पर्व का बहुत अधिक महत्त्व माना जाता है।विवाहित स्त्रियों के द्वारा इस दिन पतियों की दीर्घ आयु के लिये व्रत का विधान है।सोमवती अमावस्या कलयुग के कल्याणकारी पर्वो में से एक है,लेकिन सोमवती अमावस्या को अन्य अमावस्याओं से अधिक पुण्य कारक मानने के पीछे भी पौराणिक एवं शास्त्रीय कारण है।सोमवार को भगवन शिव एवं चंद्र का दिन माना जाता है।सोम यानि चन्द्रमा अमावस्या और पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा यानि सोमांश या अमृतांश सीधे-सीधे पृथ्वी पर पड़ता है।शास्त्रो के अनुसार सोमवती अमावस्या के दिन चन्द्रमा का अमृतांश पृथ्वी पर सबसे अधिक पड़ता है।श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि अमावस्या कहलाती है। यह भी कहा जाता है की सोमवती अमावस्या में भक्तो को अमृत की प्राप्ति होती है।निर्णय सिंधु व्यास के वचनानुसार इस दिन मौन रहकर स्नान-ध्यान करने से सहस्त्र गौ दान का पूण्य मिलता है।शास्त्रो के अनुसार पीपल की परिक्रमा करने में से ,सेवा पूजा करने से, पीपल की छाया से,स्पर्श करने से समस्त पापो का नाश,अक्षय लक्ष्मी की प्राप्ति होती है व आयु में वृद्धि होती है।पीपल के पूजन में दूध, दही, मिठाई,फल, फूल,जनेऊ, का जोड़ा चढाने से और घी का दीप दिखाने से भक्तो की सभी मनोकामनाये पूरी होती है। कहते है की पीपल के मूल में भगवान् विष्णु तने में शिव जी तथा अगर भाग में ब्रह्मा जी का निवास है।इसलिए सोमवार को यदि अमावस्या हो तो पीपल के पूजन से अक्षय पूण्य लाभ तथा सौभाग्य की प्राप्ति होती है।इस दिन विवाहित स्त्रियों द्वारा पीपल के पेड़ की दूध,जल,पुष्प,अक्षत,चन्दन आदि से पूजा और पीपल के चारो और 108 बार धागा लपेट कर परिक्रमा करने का विधान होता है। और हर परिक्रमा में कोई भी मिठाई या फल चढाने से माँ पार्वती पर सिंदूर चढ़ा कर अपनी मांग में लगाती है वह अखंड सौभाग्यवती बनी रहती है।जिन जातको की जन्म पत्रिका में कालसर्प दोष है।वे लोग यदि सोमवती अमावस्या पर चांदी के बने नाग-नागिन की विधिवत पूजा कर उन्हें नदी में प्रवाहित करे,शिव जी पर कच्चा दूध चढाये,पीपल पर मीठा जल चढ़ा कर उसकी परिक्रमा करें,धुप दीप दिखाए,ब्राह्मणों को यथा शक्ति दान दक्षिणा दे कर उनका आशीर्वाद ग्रहण करे तो निश्चित ही काल सर्प दोष की शांति होती है।इस दिन जो लोग व्यवसाय में परेशानी उठा रहे है,वे पीपल के नीचे तिल के तेल का दिया जलाना चाहिए।इस दिन अपने पितरों के नाम से पीपल का वृक्ष लगाने से जातक को सुख, सौभग्य,पुत्र की प्राप्ति होती है,एव पारिवारिक कलेश दूर होते है। इस दिन पवित्र नदियो में स्नान, ब्राह्मण भोज, गौदान, अन्नदान, वस्त्र, स्वर्ण आदि दान का विशेष महत्त्व माना गया है इस दिन गंगा स्नान का भी विशिष्ट महत्त्व है। इस अवसर पर महुआंव पाण्डेय गांव की तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।

## रामगढ़ की टीम अच्छा प्रदर्शन करते हुए 13 रनों से मैच जीता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** विधायक खेल महाकुंभ 2024.25 के आज छठवें दिन क्रिकेट मैच का पहला मुकाबला चुनार और रामगढ़ के बीच,भाजपा के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल के द्वारा टॉस करा कर मैच का शुभारंभ किया गया , चुनार की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिया रामगढ़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में.9 विकेट खोकर 150 रनों का स्कोर खड़ा किया रामगढ़ की तरफ से शशिकांत ने 33 गेंदों का सामना कर 4 चौके और 2 छक्के की मदत से 44 रनों की पारी खेली , चुनार के गेंदबाज अंशु ने 35. रन देकर 2 विकेट चटकाए जवाब में चुनार की टीम ने स्कोर का पीछा करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खो कर 137 रन ही बना सकी, रामगढ़ की टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए 13 रनों से मैच को जीत कर आगे के मैच में अपनी जगह पक्की कर ली है चुनार की तरफ से चंचल यादव ने 77 रनों की पारी खेली फिर भी अपने टीम को जीत नहीं दिला सके रामगढ़ की तरफ से सत्यप्रकाश दुबे ने अपनी टीम को जीत दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए 18 रन देकर शानदार 3 विकेट चटकाए अतः सत्यप्रकाश दुबे को ,भाजपा नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा रूबी प्रसाद के द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया दिया गया।।



## जिलाधिकारी ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शीतलहर के दृष्टिगत मध्य रात्रि में जनपद में अस्थाई एवं स्थाई रैन बसेरों का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं वहां पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सुपर मार्केट एवं जिला अस्पताल में स्थापित रैन बसेरों के निरीक्षण के दौरान वहां पर पीने के पानी की व्यवस्था, बाथरूम आदि की जानकारी ली तथा रैन बसेरों में रहने वाले लोगों से भी उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने रैन बसेरों के संचालको को शीतलहर के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में बेड एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए त् जिलाधिकारी ने कहा कि रैन बसेरे में अतिरिक्त कंबल तथा अलाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही समस्त रैन बसेरों में समुचित साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के समय जरूरतमंद लोगों को कम्बल भी वितरित किए। निरीक्षण के दौरान एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह उपस्थित रहें।



## सीडीओ की अध्यक्षता में जनपद के 362 आवास सर्वेक्षणकर्ताओं का प्रशिक्षण का आयोजन संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आवास विहीन व कच्चे घरों में रहने वालों गरीब परिवारों को आवास की सुविधा मुहैया कराये जाने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत आज से आवास प्लस सर्वे प्रारम्भ किये जाने हेतु जनपद रायबरेली के सभी ब्लाकों में पूरी पारदर्शिता व शुचिता के साथ सर्वे कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु जनपद के 362 आवास सर्वेक्षणकर्ताओं की मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में महात्मा गांधी सभागार विकास भवन रायबरेली में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण 02 शिफ्टों में आयोजित किया गया जिसमें जनपद के सभी सर्वेयरों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा आवास सर्वे हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के नवीन मानकों के विषय में जानकारी प्रदान की गयी एवं कच्चे व पक्के घरों की परिभाषा से भी अवगत कराया गया।प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण हेतु आवास प्लस 2024 में लाभार्थियों का नाम जोड़े जाने की पात्रताः प्रशिक्षण के दौरान सभी सर्वेयर को बताया गया कि पूर्व में अपात्रता के मानकों दोपहिया वाहन, लकड़ी की नांव, फिज को हटा दिया गया है।




## हर तीर्थयात्री-हर पर्यटक की सुरक्षा और सुविधा हमारी शीर्ष प्राथमिकताः मुख्यमंत्री

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ में प्रत्येक तीर्थयात्री और पर्यटक की सुरक्षा और सुविधा को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताया है। उन्होंने कहा है कि महाकुम्भ में कोई भारतीय हो या विदेशी, प्रवासी भारतीय हो या प्रयागराजवासी, बिना भेदभाव सबकी सुरक्षा-सबकी सुविधा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ के दौरान आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, अग्निशमन, घाट सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा तंत्र को और पुख्ता किया जाना आवश्यक है। सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों को 24□7 एक्टिव रहना होगा। इंटेलिजेंस को और मजबूत करने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ के दौरान एंटी ड्रोन सिस्टम के प्रभावी इस्तेमाल के निर्देश भी दिए हैं। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ की थीम पर चल रहीं फर्जी वेवसाइट और एप के चिन्हांकन और कार्रवाई के साथ साथ आमजन को इस बारे में जागरूक करने की जरूरत बताई है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कतिपय अराजक संगठनों/व्यक्तियों द्वारा महाकुम्भ के नाम पर फर्जीवाड़ा कर वसूली करने का दुस्साहस किया जा रहा है, पुलिस द्वारा ऐसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए। मंगलवार को महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा करने प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी विभागों से उनके कार्यों की प्रगति का विवरण लिया। मुख्यमंत्री ने सभी स्ट्रीट वेंडर, ऑटो रिक्शा चालकों, ई-रिक्शा चालकों के पुलिस सत्यापन तेजी से पूरा करने के निर्देश भी दिये, साथ ही प्रयागराज की ओर आने वाले सभी अंतर्जनपदीय मार्गों पर ट्रैफिक प्रबंधन के व्यवस्थित प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया पर फेक न्यूज पर कड़ाई से लगाम लगाने के भी निर्देश दिए।




## 08 जनवरी से एग्रोक्लाइमेटिक जोन से संबंधित 03 दिवसीय विराट किसान मेला का आयोजन : डीएम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं किसान जागरूकता कार्यक्रम योजनान्तर्गत एग्रोक्लाइमेटिक जोन से संबंधित 03 दिवसीय विराट किसान मेला का आयोजन 08 जनवरी 2025 से 10 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से आई0टी0आई0 मैदान दूरभाष नगर रायबरेली में एग्रोक्लाइमेटिक जोन से सम्बन्धित विराट मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित क्रियाक्लापों एवं शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी, प्रदर्शनी/स्टॉल के माध्यम से मेले में भाग लेने वाले कृषकों/ उपभोक्ताओं को दी जानी है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को अधिक उत्पादन एवं उत्पादकता प्राप्त करने हेतु वैज्ञानिकों द्वारा जागरूक किया जाना है, जिसमें समस्त विभागों के प्रगतिशील कृषकों की भागीदारी तथा जनपद के समस्त कृषक उत्पादक संगठनों (एफ0पी0 ओ0) के सदस्यों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करायी जानी है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपरोक्त कार्यक्रम में अपने-अपने विभागों की प्रदर्शनी/स्टाल लगवाना सुनिश्चित करते हुए स्वयं अपनी भी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## जिलाधिकारी ने हिन्दुआरी में फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए लगाये गये कैम्प का किये स्थलीय निरीक्षण, सम्बान्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए जनपद के विभिन्न स्थानों पर लगाये गये कैम्प के स्थिति का जायजा लिये, इस दौरान जिलाधिकारी ने भ्रमणशील रहकर फार्मर रजिस्ट्री कैम्प हिन्दुआरी का औचक निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों व कार्मिकों से वार्ता कर फार्मर रजिस्ट्री बनाने के कार्य के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किये, तो कार्मिकों द्वारा बताया गया कि किसानों का डाटा पोर्टल पर फीड करने के दौरान सर्वर की समस्या आ रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धितों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी किसान कैम्प पर प्रपत्र लेकर आ रहे हैं, उन्हें लौटाया न जाये। किसान के फेस का फोटो व फार्मर रजिस्ट्री बनाने के प्रपत्र को इकठ्ठा कर लिया जाये, पोर्टल सर्वर ठीक होते ही फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाये, कैम्प में आने वाले किसानों को यह भी सूचित किया जाये कि आपका फार्म भरा जायेगा, ओ0टी0पी0 के लिए फोन को पास रखें, सम्बन्धित कार्मिकों द्वारा ओ0टी0पी0 मांगने पर उपलब्ध कराया जाये, जिससे फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य सफलता पूर्वक किया जा सके। कैम्प में आने वाले किसानों को इस बात की जानकारी दी जाये कि फार्मर रजिस्ट्री बनाने में लगने वाले प्रपत्र जैसे आधार, खतौनी लाना अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को फार्मर रजिस्ट्री बनाने से होने वाले लाभ जैसे-किसान सम्मान निधि, कई स्थानों की जमीनों का डाटा इकठ्ठा होना, एग्री स्टेट के अन्तर्गत के0सी0सी0 लोन लेने में सुविधा होना, फसली ऋण का लाभ, फसली बीमा क्षतिपूर्ति व आपदा राहत में सुगमता आदि की भी जानकारी दी जाये। जिलाधिकारी ने कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों का फार्मर रजिस्ट्री बनाने हेतु प्रपत्रों को एकत्रित कर लिया जाये। जैसे ही सर्वर ठीक हो जाये, प्राथमिकता के आधार पर कार्य को करने का प्रयास किया जाये, जिससे ज्यादा से ज्यादा किसानों का फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य किया जा सकें। इस मौके पर को-आपरेटीव देवेन्द्र कुमार सिंह, लेखपाल उमाशंकर, टी0ए0सी0 विकास प्रताप सिंह, पंचायत सहायक पूनम सहित अन्य किसानगण उपस्थित रहें।



## 100 दिवसीय संघन टीबी खोज अभियान में संस्थाओं का सराहनीय योगदान

### टीबी रोग की पहचान के लक्षण बताने पर बच्चों को दिया उपहार

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
रायबरेली। रायबरेली अमावा 100 दिवसीय संघन टीबी खोज अभियान में संस्थाओं का भी सराहनीय योगदान आपको बताते चलें कि बडौदा अप वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में एक जागरूकता अभियान की शानदार पहल की गई बडौदा यू पी बैंक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला बिग 3 वर्षों से टीवी कार्यक्रम में अपनी सराहनीय भूमिका के साथ इस प्रोग्राम में शामिल होकर अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में अमावा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर से जुड़े क्षेत्र में गांव-गांव पहुंचकर बच्चों के ?6 की पहचान के लक्षण बताने पर पेंसिल बॉक्स,रबर, पेंसिल उपहार देकर सराहनीय संदेश देने का कार्य किया है। आपको बता दें जहां एक ओर शिक्षा का संदेश, वहीं दूसरी ओर क्षयरोग बचाव व लक्षण की जानकारी देते हुए समाज में एक अच्छा संदेश देने का कार्य किया है। इनकी इस पहल पर अधिकारियों ने भी प्रशंसा की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली नवीन चंद्रा ने कहा टीबी मुक्त अभियान में बढ़-चढ़करचढ़कर ऐसी हिस्सेदारी लेना इस कार्यक्रम में एक अच्छी शुरुआत है। जिला क्षयरोग अधिकारी ने बताया कि सरकार के इस अभियान को बढ़ाने में अन्य संस्थाएं भी सहयोग के लिए आगे कदम बढ़ा सकती हैं, जैसे पोटली का वितरण करना। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमवा के अधीक्षक डॉक्टर रोहित कटियार के नेतृत्व में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक करुणा शंकर मिश्र ग्राम सभा सिधौना,ग्राम सभा रसेहता, ग्राम सभा सोथी, मे आम जनमानस के साथ बैठक कर के रैली निकालकर बच्चों कुछ जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं ताकि वल्नरेबल पापुलेशन के ज्यादा से ज्यादा लोगो अस्पताल पहुंचाकर जांच कराई जा सके करुणा शंकर मिश्र से पूछे जाने पर बताया इस मुहीम में सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंचने पर तत्काल रेफर करते हुए जांच कराई जाएगी और मरीज धनात्मक होने पर निःशुल्क दवा के साथ पोषण हेतु ?1000 प्रतिमाह सरकार की ओर से दिया जाएगा इस मौके पर गांव के अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।



## काम में लापरवारही पर तीन अधिशासी अभियंताओं पर कार्रवाई के निर्देश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** विंध्याचल मंडल में एक करोड़ रुपये से अधिक के बजट वाली परियोजनाओं की प्रगति की सोमवार को मंडलायुक्त ने समीक्षा की। उन्होंने




कार्य में लापरवाही और बार-बार समय देने के बाद भी परियोजनाओं का निर्माण पूर्ण न किए जाने पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सोनभद्र, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-दो मिर्जापुर से स्पष्टीकरण और अधिशासी अभियंता मिर्जापुर नहर प्रखंड को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश संयुक्त विकास आयुक्त को दिया। इसी प्रकार सेतु निगम के काम की समीक्षा के दौरान विंध्याचल शिवपुर रेलवे ओवरब्रिज पर रेलवे विभाग द्वारा कई बार समय लेने के बाद भी कार्य शुरू व पूरा न किए जाने पर उन्होंने रेलवे विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्राचार कर अवगत कराने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत मिर्जापुर में कई गांवो में अभी भी जलापूर्ति न होने की शिकायत पर मंडलायुक्त ने अधीक्षण अभियंता जल निगम से कहा कि जिन एजेंसियों द्वारा अभी भी कार्य पूर्ण नही किया गया तथा ग्रामीण अंचलों में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी एजेंसी को बिना प्रधान और ग्रामीणों के द्वारा जलापूर्ति होने के प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना भुगतान न किया जाए। बैठक में झीलो बीजापुर, बेलाही, हत्रा, कदरा, पेयजल परियोजना, सोनभद्र में भी प्रगति लाने का निर्देश दिया।




30/12/2024




31/12/2024




01/01/2025




02/01/2025




03/01/2025




04/01/2025


NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी

फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड

कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इण्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है



श्री महन्तू
अग्निशमन सुरक्षा अधिकारी नैनी, प्रयागराज

नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

ALL TYPE PRINTING SOLUTION Enjoy Publicity M. 9161135311, 9335138055


# फायर सेफ्टी ऑफिसर समस्त विशिष्ट भवनों में आवश्यक

## विशिष्ट श्रेणी के भवनों के लिए फायर सेफ्टी आफिसर की नियुक्ति अनिवार्य कर दी गयी है

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक) प्रयागराज।** विशिष्ट भवनों में फायर सेफ्टी ऑफिसर नियुक्त होने से अग्नि सुरक्षा उपकरणों की कार्य शीलता बढ़ जाएगी उसको चलाने का निरन्तर अभ्यास होने से किसी अग्निदुर्घटना होने पर तत्काल अग्नि शमन की कार्यवाही हो सकेगी और जन जीवन की सुरक्षा के साथ संपति की सुरक्षा हो सकेगी त् फायर सेफ्टी ऑफिसर और सहायक फायर सेफ्टी ऑफिसर नियुक्त होने पर रोजगार का अवसर बढ़ेगा और फायर सेफ्टी कोर्स की उपयोगिता भी बढ़ेगी। और भवन स्वामी आग के प्रति जागरुक भी सदैव जागरुक रहेंगे डॉ0 आर के पाण्डेय सीएफओ कमिश्नरेट प्रयागराज भवन परिसर में अग्निशमन कर्मी 24 घंटे में 08 - 08 घंटे शिफ्टवार ड्युटी करेंगे और आग लगने पर अपने संस्थान में लगे अग्निशमन उपकरणों से अग्निशमन कार्य करेंगे और फायर सर्विस को सूचना देंगे अग्नि शमन कर्मी को पूरे संस्थान की विस्तृत जानकारी रखनी होगी जो अग्नि शमन कार्य में फायर सर्विस को पूरी जानकारी देंगे संस्थान के अग्नि शमन कर्मी को सीढ़ी, रैंप, सभी निकास मार्गो का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए जिससे जीव रक्षा कार्य करने में काफी आसानी होगी।

### चीफ फायर ऑफिसर ने कहा

1. बड़ी इमारतों, होटल व अस्पताल संचालकों एक जनवरी तक का दिया समय। 2. आग लगने की स्थिति में ये कर्मचारी निभायेंगे अहम रोल, रिस्पान्स टाइम में आयेगी कमी । 3. कर्मचारियों के योग्यता की परख करेगा अग्निशमन विभाग जांच के बाद यहां से जारी होगा नियुक्ति पत्र भवन मानक-24 मीटर से अधिक ऊंचे गैर आवासीय इमारतें 45 मीटर से अधिक ऊंचे आवासीय भवन 15 मीटर से ऊंचे अस्पताल, मेडिकल कॉलेज या अन्य संस्थान चार सितारा व उससे ऊंचे होटल लो हेजार्ड इंडस्ट्रीज जिनका भू आच्छादन 10000 वर्गमीटर, माडरेट हेजार्ड जिनका भू आच्छादन 5000 वर्गमीटर व हाई हेजार्ड जिनका भू आच्छादन 2000 वर्गमीटर एसेम्बनी या शैक्षणिक भवन जिनकी ऊंचाई 25 मीटर से अधिव कामर्शियल कॉम्प्लैक्स जिनका भू-आच्छादन 2000 वर्गमीटर से अधिक सिनेमा हाल जिनकी क्षमता 500 व्यक्तियों की बैठने की हो ।



चीफ फायर ऑफिसर श्री आर के पांडेय ने बताया कि शासन के आदेशा नुशार और पुलिस महानिदेशक अग्निशमन एवम आपात उत्तर प्रदेश के आदेश के अनुपालन में अब बड़ी इमारतों, होटल व अस्पताल संचालकों को अपने यहां फायर सेफ्टी आफिसर रखने होंगे। इन कर्मचारियों की नियुक्ति पत्र चीफ फायर ऑफिसर कार्यालय से जारी होगा जबकि वेतन का भुगतान भवन स्वामी करेंगे। अग्निशमन विभाग मानकों के अनुसार फायर सेफ्टी आफिसर भवन परिसर में शिफ्टवार डियूटी देंगे और भवन में स्थापित अग्निशमन उपकरणों का रख-रखाव करेंगे। भवन में दुर्घटना होने पर अग्निशमन विभाग को सूचित करते हुए अग्निशमन कार्य करेंगे। सीएफओ श्री आर के पांडेय ने बताया कि प्रयागराज में महाकुम्भ 2025 का भी आयोजन होने वाला है तो अधिक भीड़ व यदा कदा ट्रैफिक जाम की भी समस्या से अग्निशमन वाहनों के पहुचने में दिक्कतों का सामना करते हुए समय लग सकता है। अतः ऐसी परिस्थिति से बचने के लिए अब उक्त भवनों में फायर सेफ्टी ऑफिसर / कर्मी नियुक्त करने का निर्देश भवन स्वामियों को दिया गया है ताकि अग्नि दुर्घटना पर त्वरित रिस्पॉन्स से जान माल की क्षति को कम किया जा सके। ये नियुकि 1 जनवरी 2025 से पहले करने का निर्देश दिया गया है। इसकी योग्यता क्या होगी ये अग्निशमन विभाग कार्यालय से प्राप्त किया सकता है।



डॉ0 आर के पाण्डेय सीएफओ कमिश्नरेट प्रयागराज

विशिष्ट भवनों में फायर सेफ्टी ऑफिसर नियुक्त होने से अग्नि सुरक्षा उपकरणों की कार्य शीलता बढ़ जाएगी उसको चलाने का निरन्तर अभ्यास होने से किसी अग्निदुर्घटना होने पर तत्काल अग्नि शमन की कार्यवाही हो सकेगी और जन जीवन की सुरक्षा के साथ संपति की सुरक्षा हो सकेगी फायर सेफ्टी ऑफिसर और सहायक फायर सेफ्टी ऑफिसर नियुक्त होने पर रोजगार का अवसर बढ़ेगा और फायर सेफ्टी कोर्स की उपयोगिता भी बढ़ेगी। और भवन स्वामी आग के प्रति जागरुक भी सदैव जागरुक रहेंगे डॉ0 आर के पाण्डेय सीएफओ कमिश्नरेट प्रयागराज।

विज्ञापन प्रतिनिधि
श्री इम्तियाज अली
मो. 9519313894

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।